राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक : परीक्षा 5–अ / विधि / 2024 / 2093 दिनांकः 23.10.2024

**विधि बकाया (Due/Suppl.) परीक्षा, 2024 के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरवाने सम्बन्धी सामान्य दिशा–निर्देश**

1. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा।
2. परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानी पूर्वक भरें।
3. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा निर्देश देखें।
4. जिन छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है तथा उनका पुनर्मूल्यांकन परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है, लेकिन वे पूरक परीक्षा योग्य हैं, ऐसे छात्र भी पूरक परीक्षा के लिए निर्धारित समय अवधि में ऑनलाईन आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें।
5. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगे।
6. विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा–2024 में परीक्षा दे चुके परीक्षार्थी पिछली कक्षा के अनुक्रमांक से परीक्षा फार्म भर सकेंगें। परीक्षा आवेदन पत्र में अपना स्वयं का ई–मेल आई.डी., मोबाईल नम्बर एवं घर के पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो परीक्षार्थियों के लिए संशोधन करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस संबंध में यह स्पष्टतया नोट करें कि परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फार्म पर स्वयं का ही मोबाईल नम्बर अंकित करें।
7. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध हैं। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हेंण्ड्बुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।
8. ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने अथवा बैंक ट्रांजेक्सन में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर निम्नलिखित टोल फ्री हेल्पलाईन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैंः–

| ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरनें हेतु | ऑनलाईन बैंक ट्रांजेक्शन हेतु |
|---|---|
| 7726953531<br>18001806433 | आई.सी.आई.सी. बैंक हेल्पलाईन नम्बर– 7304914963 |

9. परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश, परीक्षा फीस के विवरण की सूचना आदि वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा के संबंध में समय–समय पर इन वेबसाईट्स पर प्रसारित की जाने वाली सूचनाओं का अवलोकन करते रहें।

**ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधित विशिष्ठ निर्देश**

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.univraj.org पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित / पूर्व छात्र) का चयन कर अध्ययन किये गये विषयों का चयन करते हुये पूर्व अनुक्रमांक से परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

(ब) फार्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फार्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फार्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन आई.सी.आई.सी.आई. बैंक पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड (एटीएम) / क्रेडिट कार्ड से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फार्म का प्रिंट (दो प्रतियों में) ले सकेंगें। **परीक्षार्थी ध्यान रखेंः–**

(i) **यदि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं है या आपके विवरण से मेल नहीं खाती है तो इसे निरस्त मान कर प्रारम्भ से नया परीक्षा फॉर्म भरें।**

(ii) परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढें।

(iii) एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् शुल्क वापस नहीं होगा।

(iv) यदि तकनीकी कारणों से परीक्षा शुल्क का ट्रान्जेक्शन फेल हो जाता है तो ऐसी स्थिति में पुनः ऑनलाईन प्रक्रिया से परीक्षा शुल्क जमा करवाना होगा। फेल ट्रान्जेक्शन का शुल्क लौटाने की कार्यवाही अगले 07 कार्य दिवस में उसी खाते में संभव होगी, जिस खाते से शुल्क जमा हुआ था।

(स) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(द) दो प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण अंकतालिकाओं आदि के साथ परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् अगले दो कार्य दिवसों में, परीक्षा फार्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा।

<u>ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र डाउनलॉड करने सम्बन्धी दिशा–निर्देश</u> :–

**छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट** <u>www.univraj.org</u> पर **visit करें । कृपया फार्म भरते समय समस्त प्रविष्ठियॉ सावधानी पूर्वक भरें। अधूरे अथवा गलत भरे फार्म स्वतः निरस्त समझे जायेंगें।**

1 परीक्षार्थी जिस कक्षा के लिए आवेदन करना चाहता है, उस कक्षा के नियमित/पूर्व–छात्र के रोल नं. अंकित करने के बाद सम्बन्धित LL.B.-I, II, III, (Due/Suppl. Paper) बकाया प्रश्न पत्र के लिये **Button** पर **Press** करें।

2 छात्र सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवदेन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों मय हस्ताक्षर एवं फोटो स्केन करने के बाद परीक्षा फार्म की दो प्रतियॉ (कम्प्यूटर कॉपी और ऑफिस कॉपी) निकालकर सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें। ऑफिस कॉपी के साथ वांछित दस्तावेज अवश्य संलग्न करें।

3 ऑनलाईन पद्धति से परीक्षार्थी हार्ड कॉपी निकालने के बाद पूर्वछात्र एवं बकाया प्रश्न पत्र संबंधित महाविद्यालय में ही जमा करवाये। **आवेदन पत्र के साथ LL.B. Pt-I, II, III की पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण समस्त अंकतालिकाओं की प्रतिलिपियॉं** आवश्यक रूप से जमा करवायें।

4 परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा निर्देश, परीक्षा फीस का विवरण एवं पूर्वछात्र एवं बकाया प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों हेतु महाविद्यालयों की सूची आदि की सूचना वेबसाइट **<u>www.uniraj.ac.in</u>** **or** **<u>www.univraj.org</u>** पर उपलब्ध है।

5 सम्बन्धित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियॉं पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे – परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, भरे गये प्रश्न पत्रों के नाम, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करें। **<u>ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् चालान की छायाप्रति (Payment Invoice) के पीछे जमाकर्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर</u>** परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति अलग रखें, तथा कार्यालय प्रति, परीक्षा शुल्क की रसीद के साथ मय आवश्यक अकंतालिकाएँ आदि सलंग्न हो।

6 पूर्व छात्र (बकाया एवं पूरक) परीक्षा 2024 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित अन्य शुल्क निम्नानुसार हैः–

**FEE PAYABLE FOR PROFESSIONEL COURSES EXAM. 2024**

| S.No. | Name of Exam | Exam. fees 2024 | |
|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Student |
| 1 | LL.B. I-year | 1630/- | 1960/- |
| 2 | LL.B. II-year | 1960/- | 2200/- |
| 3 | LL.B. III-year | 2110/- | 2440/- |
| 4 | LL.B. (Due Paper) (One Paper) | 830/- | -- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | LL.B. (Due Paper) (Two Paper) | 1230/- | -- |
| 6 | LL.B. (Due Paper) (Three Paper) | Full Exam Fee (Classwise) | -- |
| 7 | Fee for Physically Challanged Students | 660/- | 750/- |
| 8 | University Employee wards | 80/- | 80/- |

नोटः–

1. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबधं में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है अन्यथा निर्धारित शुल्क देय होगा।
2. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।

**महाविद्यालयों को लोगिन आई.डी./पासवर्ड तथा परीक्षार्थियों का वेरीफिकेशनः –**

पूर्व–छात्र एवं बकाया परीक्षार्थी ऑनलाईन शुल्क जमा करवाकर दो प्रतियों में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी मय आवश्यक दस्तावेज के संबंधित महाविद्यालय में जमा करवायेंगे। संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फॉर्मो को कक्षावार व्यवस्थित कर निर्धारित तिथि तक कॉलेज लोगिन आई.डी. में Verify करके विश्वविद्यालय में/ विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये प्रतिनिधियों को सुपुर्द करेंगे।

1. ऑनलाईन गेटवे द्वारा जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा फॉर्मो की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रत्येक छात्र के फॉर्म को Verify बटन पर Verify करें। संबंधित कक्षा के सभी फॉर्म Verify होने के पश्चात् प्रिंट ऑपशन पर जाकर Nominal Roll का प्रिंट लें। तत्पश्चात् Nominal Roll लिस्ट के क्रम के अनुसार ही संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फॉमों को व्यवस्थित कर Nominal Roll लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय प्रतिनिधि को सुपुर्द करें/स्वयं जमा करवायें।
2. महाविद्यालय ध्यान रखें– उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा फॉर्म स्वीकार नहीं किये जा सकेंगें।
3. सम्बन्धित महाविद्यालय सुनिश्चित रहें कि पूर्व परीक्षार्थियों (Ex-Student) के (Due/Suppl. Paper) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करें, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुये थे।
4. **परीक्षा फार्म जमा करने सम्बन्धी निर्देशः–**
   परीक्षार्थियों से प्राप्त परीक्षा फार्म की हार्डकापी को अपने पोर्टल पर शीघ्र वेरिफाई कर उनकी सूची का प्रिन्ट पोर्टल से लेकर उस सूची के अनुरूप सूची क्रमांक प्रत्येक परीक्षा फार्म पर अंकित कर **परीक्षा फार्मों को कक्षावार व्यवस्थित कर बिना विलम्ब शुल्क के साथ भरे गये समस्त ऑनलाईन आवेदन फार्मो की हार्डकॉपी दिनांक 05.11.2024 तक तथा विलम्ब शुल्क के साथ भरे गये आवेदन फार्मों की हार्डकॉपी मय समस्त आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ दिनांक 07.11.2024 तक विश्वविद्यालय में अपने स्तर पर जमा करवाना सुनिश्चित करें।** इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।

23.10.24

परीक्षा नियंत्रक